**INDIAN SCHOOL AL WADI AL KABIR**
**DEPARTMENT OF HINDI [2021-2022]**

**TOPIC: नीम का पेड़** **WORKSHEET- अनुच्छेद**
**RESOURCE PERSON: MRS. SARITA SHARMA**

**NAME: ____________CLASS: III SEC.__ DATE: ________**

**नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तरों की सहायता से 6-7 वाक्यों का अनुच्छेद लिखिए:**

**दाँत और मसूड़े(gums), स्वस्थ(healthy), नीम के बीज(seeds), छोटी, हरी, स्वाद में कड़वी(bitter in taste), कीड़े, त्वचा(skin), नीम के फल**

प्र.1. कौन-सा पेड़ औषधीय गुणों से भरपूर होता है ?
प्र.2. नीम की पत्तियाँ कैसी होती हैं ?
प्र.3. नीम की पत्तियाँ अनाज में क्यों रखते हैं ?
प्र.4. नीम की दातुन करने से क्या होता है ?
प्र.5. 'निबौरी' किसे कहते हैं ?
प्र.6. नीम का तेल किससे बनता है ? कोई एक लाभ लिखिए ।
प्र.7. हमें नीम के पेड़ क्यों लगाने चाहिए ?

रंग भरिए:



नीम का पेड़



तेल



साबुन



पत्तियाँ और फल (निबौरी)

**INDIAN SCHOOL AL WADI AL KABIR**
**DEPARTMENT OF HINDI [2021-2022]**

TOPIC: वरदराज WORKSHEET- अर्थग्रहण
RESOURCE PERSON: MRS. SARITA SHARMA

NAME:________________ CLASS:III SEC.__ DATE:______

एक लड़का था, वरदराज | वह तीसरी कक्षा में पढ़ता था | वह पढ़ने में कमज़ोर था | कक्षा के दूसरे बच्चे उसका मज़ाक (**fun**) उड़ाते थे | पाठशाला उसके घर से दूर थी | एक दिन घर जाते समय उसे प्यास (**thirst**) लगी | रास्ते में एक कुआँ था | वरदराज ने कुएँ से पानी निकालकर अपनी प्यास बुझाई | जैसे ही वह चलने लगा, उसकी नज़र कुएँ की जगत (**wall of a well**) पर बने घड़े के निशानों पर पड़ी | पास ही खड़ी एक औरत ने उसे समझाया कि बार-बार वहाँ घड़े रखने के कारण वे निशान उस पत्थर (**stone**) पर पड़ गए थे | वह समझ गया कि जिस तरह बार-बार घड़े रखने के कारण कठोर पत्थर पर निशान (**marks**) बन गए, उसी तरह रोज़ अभ्यास (**practice**) करने पर उसे भी अपने पाठ समझ आ जाएँगे | अब वरदराज दिन-रात मेहनत करने लगा और आगे चलकर एक महान विद्वान (**scholar**) बना |

**क) कहानी के आधार पर पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर लिखिए:**

प्रश्न.1. वरदराज कौन-सी कक्षा में पढ़ता था ?
उत्तर.1. [ ]
प्रश्न.2. वह पढ़ाई में कैसा था ?
उत्तर.2. [ ]
प्रश्न.3. वरदराज की पाठशाला कहाँ थी ?
उत्तर.3. [ ]

**ख) सही या गलत (√ or ×) का निशान लगाइए:**

1. घर जाते समय वरदराज को भूख लगी | ◯
2. हमें बार-बार अभ्यास करना चाहिए | ◯
3. वह पानी पीने नदी पर गया | ◯

**ग) कहानी के आधार पर खाली स्थान भरिए -**

1. _____के बच्चे उसका मज़ाक उड़ाते थे | (स्कूल / कक्षा)
2. वह दिन-रात _______ करने लगा | (सोने / मेहनत)
3. घड़े के निशान _______ पर बन गए थे | (कुआँ / पत्थर)